अजमेर में 7-10 मार्च तक होगा 'रंगरथ यात्रा' और तीसरा अजमेर थिएटर फेस्टिवल 2026

अजमेर, (कासं)। कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 7 से 10 मार्च 2026 तक अजमेर में 'रंगरथ यात्रा' के अंतर्गत तीसरा अजमेर थिएटर फेस्टिवल 2026 आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय रंगोत्सव प्रतिदिन शाम 7 बजे जवाहर रंगमंच, अजमेर में आयोजित होगा, जिसमें देश की प्रतिष्ठित संस्था नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली की रॅपर्टरी कंपनी के कलाकार चर्चित और श्रेष्ठ नाटकों की प्रस्तुतियाँ देंगे।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में 'रंगरथ यात्रा' के अंतर्गत तीसरा अजमेर थिएटर फेस्टिवल का आयोजन होगा।

एनएसडी की रॅपर्टरी कंपनी मना रही है स्थापना का 60वाँ वर्ष: यॉबी जार्ज ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली की रॅपर्टरी कंपनी इस वर्ष अपनी स्थापना का 60वाँ वर्ष मना रही है। इस हीरक जयंती के अवसर पर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान में 'रंग राजस्थान' श्रृंखला के तहत एक विशेष सांस्कृतिक नाट्य यात्रा 'रंगरथ यात्रा' प्रस्तावित की गई है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत अजमेर में यह चार दिवसीय रंगोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

स्थानीय दर्शकों को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर के नाटकों का अनुभव: इस आयोजन का उद्देश्य अजमेर में रंगमंचीय गतिविधियों को प्रोत्साहन देना और स्थानीय दर्शकों को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट नाटकों से रूबरू कराना है। फेस्टिवल के दौरान देश के ख्यातिप्राप्त लेखक-निर्देशकों की रचनाओं पर आधारित चार महत्वपूर्ण नाटकों का मंचन किया जाएगा, जिनमें विविध विषयों और शैलियों का समावेश होगा। संस्कृति मंत्रालय और जिला प्रशासन का सहयोग: यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, जिला प्रशासन अजमेर तथा अजमेर विकास प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह

■ जवाहर रंगमंच में प्रतिदिन शाम 7 बजे होंगे राष्ट्रीय स्तर के नाटकों के मंचन, प्रवेश रहेगा निःशुल्क

रंगोत्सव अजमेर के रंगप्रेमियों के लिए एक अनूठा अवसर होगा, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का सशक्त अभिनय, प्रभावशाली निर्देशन और उत्कृष्ट मंच सज्जा देखने को मिलेगी।

चार दिनों में चार चर्चित नाटकों का मंचन: फेस्टिवल के दौरान प्रतिदिन एक प्रमुख नाटक प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें सात मार्च को प्रसिद्ध लेखक विजयदान देथा की कहानी पर आधारित नाटक 'माई री मैं को से कहूं' का मंचन निर्देशक अजय कुमार के निर्देशन में किया जाएगा। 8 मार्च को सुप्रसिद्ध लेखक मिथिलेश्वर की कहानी पर आधारित नाटक 'बाबू जी' का मंचन निर्देशक राजेश सिंह द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 9 मार्च को हिंदी रंगमंच की कालजयी कृति 'अंधा युग', जिसके लेखक धर्मवीर भारती हैं, का मंचन प्रसिद्ध रंगनिर्देशक रामगोपाल बजाज के निर्देशन में होगा और 10 मार्च को फेस्टिवल के अंतिम दिन प्रसिद्ध साहित्यकार महाश्वेता देवी की रचना पर आधारित नाटक 'बायन' का मंचन निर्देशक उषा गांगुली के निर्देशन में प्रस्तुत किया जाएगा।

दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क: आयोजकों ने बताया कि फेस्टिवल में दर्शकों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग रंगमंच की इस सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बन सकें और उत्कृष्ट नाट्य प्रस्तुतियों का आनंद ले सकें।

कई सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं का सहयोग: कार्यक्रम के संचालन और संयोजन में शहर की कई सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाएँ सहयोग कर रही हैं।

विजयवर्गीय महिला मंडल का फाग उत्सव कल

अजमेर, (कासं)। विजयवर्गीय महिला मंडल का फाग उत्सव रविवार को अपराह्न 2.30 बजे से वैशालीनगर मानसरोवर

■ खेलेंगे इत्र मिश्रित फूलो की होली

कॉलोनी स्थित आनंदम समारोह स्थल में मंडल अध्यक्ष बेलादिनेश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय समाज की महिलाओं ने मिलकर होली के रंगों में सराबोर होने का निर्णय लिया है। इत्र एवं फूलों के साथ होली खेल कर फाग गीतों का आनंद लेकर उत्सव मनाएंगे। मंडल की कोषाध्यक्ष इंद्रा विजय ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों के लिए ड्रेस कोड के साथ विभिन्न प्रतियोगिता भी रखी गई है । श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। भजनगायक अशोक विजयवर्गीय एवं मंडली द्वारा राधा कृष्ण के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

महावीर कल्याण महोत्सव को लेकर जैन समाज की मांग

अजमेर, (कासं)। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने महावीर कल्याण महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन से विशेष मांग की है। समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर लोकबंधु को ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया कि इस वर्ष घोषित अवकाश की तारीख में बदलाव किया जाए ताकि समाज के अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकें।

प्रतिवर्ष मनाया जाता है महावीर कल्याण महोत्सव: जैन समाज के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महावीर कल्याण महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस बार यह पर्व फाल्गुन माह की तेरस तिथि, यानी 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-अर्चना, शोभायात्रा और सामूहिक आयोजन किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में समाज के लोग भाग लेते हैं।

सरकार ने 31 मार्च को घोषित किया अवकाश: समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इस पर्व के लिए 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

आम सूचना

मेरा पुत्र गोविंद सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं है आए दिन लड़ाई - झगडा कर हमें परेशान करता है । इसलिए में मेरे पुत्र को मेरी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरे पुत्र से कोई लेन-देन या व्यवहारिक संबंध रखता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।

-श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी श्री शिवनारायण जाती रावत निवासी 2274/54 राजीव कॉलोनी एलआईसी कॉलोनी के पास वैशाली नगर अजमेर

आम सूचना

यह कि पट्टा संख्या 16, बुक नं. 94, घाट खसरा नं. 926, ग्राम भूखर खेड़ा, ग्राम पंचायत शिखरानी, पंचायत समिति मसूदा तहसील बिजयनगर, जिला ब्यावर, राजस्थान, क्षेत्रफल लगभग 1140 वर्ग फीट है। उक्त संपत्ति का मूल पट्टा दिनांक 17-07-2017 को ग्राम पंचायत शिखरानी द्वारा श्री मिश्री लाल के पक्ष में जारी किया गया था, जो कि दस्तावेज क्रमांक 1888 बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 1, पेज नं. 88 दिनांक 27-07-2017 को बिजयनगर में पंजीबद्ध है। श्री मिश्री लाल के देहांत (दिनांक 30-09-2024) उपरांत उनके विधिक उत्तराधिकारीगण -श्री भंवर लाल, श्री रामा लाल, श्रीमती राधा द्वारा पंजीबद्ध त्यागपत्र (Release Deed) दिनांक 24 02 2024, दस्तावेज क्रमांक 202503356100763, बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 293, पेज नं. 172 दिनांक 04-03-2025 को श्रीमती रसाली पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल के पक्ष में निष्पादित किया गया (द्वारा पंजीबद्ध त्यागपत्र (Release Deed) दिनांक 24-02-2024, दस्तावेज क्रमांक 202503356100763 बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 293, पेज नं. 172 दिनांक 04-03-2025 को श्रीमती रसाली पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल के पक्ष में निष्पादित किया गया। अतः यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, हक, अधिकार, बंधक, ऋण, दसीयत, विवाद अथवा अन्य कोई दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर लिखित रूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे मुवक्किल स्वतंत्र रूप से संपत्ति क्रय एवं बंधक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगे, जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी या श्रीमती रसाली पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल उत्तरदायी नहीं होंगे। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है।

- वास्ते-गिरीराज सोनी एण्ड एसोसिएट्स, अधिवक्ता गिरीराज सोनी अजमेर (राज.) मो.नं.- 9680430987

दीनदयाल उपाध्याय नगर में संचालित बाल संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव संपन्न

अजमेर,(कासं)। सेवा भारती अजमेर महानगर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर में संचालित बाल संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुकाजी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने कविताएँ, राष्ट्रभक्ति गीत, दीप मंत्र, भोजन मंत्र, प्रार्थना तथा लोकगीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर बस्तीवासियों का मन मोह लिया। उपस्थित सभी बस्तीवासियों ने बच्चों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में सेवा भारती महानगर मंत्री विकास पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से बाल संस्कार केंद्र भेजें तथा अधिक से अधिक बच्चों को केंद्र से जोड़ें, जिससे उन्हें शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार प्राप्त हों।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुकाजी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

संस्कारित बालक ही आगे चलकर देश व समाज के लिए आदर्श नागरिक बनते हैं। परिवार और बाल संस्कार केंद्र मिलकर ही बच्चों का समग्र संस्कार निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि कुकाजी द्वारा सभी प्रतिभागी बालक-बालिकाओं को पारितोषिक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

वैदिक दृष्टि से महिला सशक्तिकरण पर मंथन आज

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के महर्षि दयानंद शोधपीठ एवं महर्षि दयानंद सरस्वती यूजीसी चेयर के संयुक्त तत्वावधान में 'सशक्त नारी: महिला सशक्तिकरण पर वैदिक विमर्श' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी 7 मार्च 2026 को अपराह्न 2 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वराज सभागार, बृहस्पति भवन में आयोजित होगी। इससे पूर्व अपरान्ह 12.15 बजे से वैदिक यज्ञ का आयोजन भी होगा

■ 'सशक्त नारीः महिला सशक्तिकरण पर वैदिक विमर्श' विषय पर विद्वानों का संगम, सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टि से होगी व्यापक चर्चा

संगोष्ठी की मुख्य अतिथि अजमेर दक्षिण की विधायक एवं पूर्व मंत्री नीता भदेल होंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान महिला सशक्तिकरण के वैदिक, सामाजिक एवं समकालीन आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू की प्रो. वंदना शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् प्रो. लक्ष्मी ठाकुर, वित्त नियंत्रक नेहा शर्मा तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर की डॉ. निहारिका राठौड़ मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगी संगोष्ठी का उद्देश्य वैदिक साहित्य और भारतीय परंपरा में निहित नारी के सम्मान, अधिकार और सामर्थ्य की अवधारणा को समकालीन संदर्भों में पुनः स्थापित करना तथा समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का संयोजन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कैलाश चंद्र शर्मा तथा महर्षि दयानंद शोधपीठ एवं यूजीसी चेयर के प्रभारी प्रो. ऋतू माथुर द्वारा किया गया है।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

Tel. No. : 01462-258665, 257509 E-mail ID: npbeawar@gmail.com

क्रमांक: 69A/2025-26/12914 आम सूचना दिनांक-06.03.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरूषोत्तम दास पुत्र श्री शोभाराज निवासी सांखला कॉलोनी शिव मंदिर के पास ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद ब्यावर की सीमा में स्थित जायदाद मकान नं. 1667 नया नं. 5/90 फर्श गली जैन मंदिर के सामने पाली बाजार ब्यावर क्षेत्रफल 36.02 वर्गमीटर का वाणिज्यिक पट्टा लेने बाबत आवेदन किया है। अतः उपरोक्त को वाणिज्यिक पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

- आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2261 जाहिर आम सुचना दिनांक-24-2-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-जी-9, नाका मदार, अजमेर क्षेत्रफल 42.187 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्रीमती मोहिनी बाई पत्नि स्व. श्री तुलसीदास को आवंटित कर दिनांक 02.05.1997 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती मोहिनी बाई की मृत्यु दिनांक 27.10.2011 को हो जाने के कारण मण्डल द्वारा दिनांक 18.02.2015 को उनके पुत्र श्री जीवतराम पुत्र स्व. श्री तुलसीदास के पक्ष में मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री जीवतराम पुत्र स्व. श्री तुलसीदास द्वारा दिनांक 28.05.2015 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात श्री जीवतराम पुत्र स्व. श्री तुलसीदास द्वारा आवास का बैचान श्री सुनिल कुमार वर्मा पुत्र श्री श्याम लाल को कर दिया गया। श्री सुनिल कुमार वर्मा पुत्र श्री श्याम लाल द्वारा आवास का बैचान श्रीमती पुष्पा पत्नि श्री रंगलाल राठी को दिनांक 25.11.2017 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती पुष्पा पत्नि श्री रंगलाल राठी के पक्ष में दिनांक 10.02.2022 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्रीमती पुष्पा पत्नि श्री रंगलाल राठी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती सुनीता कुमारी पत्नि श्री वीरपाल सिंह को दिनांक 06.04.2023 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2186 में पृष्ठ संख्या 90 क्रम संख्या 202303001103225 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5738 के पृष्ठ संख्या 12 से 23 पर दिनांक 06.04.2023 को करपा किया गया है। अब श्रीमती सुनीता कुमारी पत्नि श्री वीरपाल सिंह ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती सुनीता कुमारी पत्नि श्री वीरपाल सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सुचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबुत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

सटीक आंकड़े ही विकास का आधार : जिला कलक्टर

अजमेर,(कासं)। जिला कलैक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी लोक बंधु ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए आयोजित चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों के दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी जनगणना एक 'जीरो-एरर' (र्मतव.म्ततवत) कार्य है, जिसमें कार्य की 100 प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

कलेक्टर ने 'जीरो-एरर' के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश।

जिला कलैक्टर ने बताया कि संपूर्ण भारत में प्रथम जनगणना वर्ष 1881 में हुई थी और वर्तमान में हम 16वीं जनगणना (जनगणना 2027) की ओर अग्रसर हैं। यह जनगणना पूर्णतः डिजिटल होगी। उन्होंने बताया कि इसके प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) का कार्य 01 मई से 14 जून 2026 तक निर्धारित है, जिसमें 01 मई से 15 मई तक स्व-गणना तथा 16 मई से 14 जून तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर फील्ड कार्य किया जाएगा। यह एक राष्ट्रीय महत्व और वैधानिक कार्य है, जिसमें सभी चार्ज और अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों की भूमिका एक 'प्रशासक' और 'नेतृत्वकर्ता' के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

■ चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों का दो-दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

प्रशासनिक नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग पर विशेष जोर - संबोधन के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि पूर्व में नियमित सहायकों का तकनीकी प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। पोर्टल (ब्डडै) पर डेटा एंट्री का तकनीकी कार्य भले ही वे करेंगे, लेकिन प्रशासनिक नियंत्रण, निरंतर मॉनिटरिंग और कार्य की शुद्धता की पूर्ण जिम्मेदारी चार्ज अधिकारियों की ही होगी।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निर्माण. स्वी./2025/6428 आम सूचना दिनांक:23-2-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी-

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखंड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
206	तारादेवी पत्नि कल्याणमल शर्मा	वैशालीनगर ग्राम बरल द्वितीय ख.सं. 39 से 45, 46/1, 47/1, 50/1 भू.सं. 07,08 व 19,20 कर हिस्सा प्रा. प्लाट नं. बी-3 का दक्षिणी हिस्सा प्रा.नं. बी-03 ए व बी-4	55.74 SQ.MTR	आवासीय
207	सुनीता नायक पत्नि जय नायक	सुखदेव कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 170 व 171 भू.सं. 29 का दक्षिणी हिस्सा	58.06 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED

Corporate Identification Number (CIN)- U40109RJ2000SGC016482

Regd. Off.: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer- 305 004, (TURN-KEY WORKS CIRCLE)

Phone: +91-145-2644507, Fax:+91-145-2644507, E-mail :- setwavvnl2022@gmail.com, Website :-www.avvnl.com

No. :- AVVNL/SE (TW) /XEN (TW-II)/AEN (TW-I)/NIT /TN-461/LRC/D. 2073 Date :- 05/03/2026

NIT No/ PACKAGE No.:- AJD/SE/TW/TN-461

'E Bids in two parts (Techno Commercial bid and Price Bid) are invited from eligible contractors for short term NIT against package nos. AJD/ SE/ TW/TN-461 for awarding contract of Erection of New 33 KV line interconnections from 132 KV GSS Kharnal Tejaji to 33 KV GSS Sinod (Bher feeder) and 33 KV GSS Lalap (Lalap Feeder) under Nagaur (Rural) Sub-Division of Ajmer Discom. All the details regarding tender is available at our website http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl and www.eproc.rajathan.gov.in. Further in future corrigendum/extension, if any shall be published only at www.eproc.rajathan.gov.in.

UBN : AVV2526WSOB00541

Superintending Engineer (TW) AVVNL, Ajmer

Raj.Samwad/C/25/21854

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निर्माण. स्वी./2025/6638 आम सूचना दिनांक:05-3-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी-

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखंड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
210	ललिता त्रिपाठी पत्नि मनीष त्रिपाठी	राजीव कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 102 व 103 भू.सं. 32	100.44 SQ.MTR	आवासीय
211	रिहाना परवीन पुत्री अब्दुल हक	बद्री विशाल कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 2158/1136 भू.सं. 87	95.06 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/नामा/2025/6644 आम सूचना दिनांक: 5-3-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

फाइल नं.	आवेदक नाम	मूल आवंटी/ नामान्तरण	भूखंड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
490	महेन्द्र कुमार जैन व मुकेश जैन पुत्रगण बुधराज डोसी	इचरज कंवर पत्नि बुधराज डोसी	चांदमल बिनायकिया नगर ख.सं. 822 से 830 भू.सं. 03	150.00 SQ.Yard	आवासीय
491	महेन्द्र कुमार जैन व मुकेश जैन पुत्रगण बुधराज डोसी	इचरज कंवर पत्नि बुधराज डोसी	चांदमल बिनायकिया नगर ख.सं. 822 से 830 भू.सं. 19	150.00 SQ.Yard	आवासीय
495	महेन्द्र कुमार जैन व मुकेश जैन पुत्रगण बुधराज डोसी	1. सुशील कुमार पुत्र रतनलाल जैन 2.सुनील कुमार पुत्र भंवरलाल जैन 3. विमलेश पत्नि सुनील कुमार जैन	गोरधन कॉलोनी ख.सं. 362/1 व 363 व 365 भू.सं. 12	318.08 SQ.Yard	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

युवा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर जागरूकता सत्र आयोजित

ब्यावर (निसं)। श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में युवा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 5 साल में 10 लाख रोजगार विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक उल्लेखनीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मूल्यवान इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह पहल न केवल व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है, बल्कि युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान भी प्रदान करती है।बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा ने योजना की आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की ।

चेटीचंड पखवाड़े में 14 से 23 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

अजमेर, (कासं)। सिन्धी समाज महासमिति अजमेर द्वारा चेटीचंड पखवाड़े के तहत 14 मार्च 2026 को सिन्धु रत्न व वरिष्ठन सम्मान व 23 मार्च 2026 को सिन्धी लेडिज क्लब, श्री ताराचन्द हुंदलदास खानचन्दानी व सांई बाबा मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में सिन्धु संस्कृति मेला, टेलेन्ट शॉ, लाडा, गायन, नृत्य व सिन्धी खान-पान (ताप) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

■ 14 मार्च का सिन्धु रत्न व वरिष्ठजन सम्मान

14 मार्च को सिन्धु रत्न सम्मान: संयोजक गिरधर तेजवानी ने बताया कि 14 मार्च को प्रातः 11 बजे सिंधी समाज महासमिति एवं सिंधु इतिहास व साहित्य शोध संस्थान के तत्वावधान में 5 सिन्धु रत्न सम्मान दिए जाएंगे व 11 सिन्धी अरबी व देवनागरी भाषा का लेखन और बोली के जानकार 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा, जो सिन्ध के पुराने लेखक, साहित्यकार व इतिहासकार बंधुओं का एक लिपी से दूसरी लिपी में परिवर्तन करने में सहयोग करेंगे। 23 मार्च 2026 को सिन्धु संस्कृति मेला, टेलेन्ट शॉ व सिन्धी खानपान प्रतियोगिता। सिन्धी समाज महासमिति, सिन्धी लेडीज क्लब, सांई बाबा मंदिर ट्रस्ट व अमरापुर सेवा घर के तत्वावधान में टेलेन्ट शो-नृत्य-लाडा गीत, ताम चटाभेटी, सिन्धु संस्कृति मेले का आयोजन किया जाएगा। ताम प्रतियोगिता के संयोजक हेमा दीपक साधवानी ने बताया कि सिन्ध के खान-पान को नई पीढ़ी तक जानकारी देने के लिए ताम प्रतियोगिता का आयोजन सांई बाबा मंदिर, अजय नगर में आयोजन किया जाएगा। सिन्धी संस्कृति मेले में सिन्धी भोजन व नाश्ते की स्टॉले समाज के प्रतिनिधियों द्वारा लगाई जाएगी। टेलेन्ट शॉ-नृत्य-लाडा गीत की संयोजक दिशा किशनानी व प्रेम केवलरमानी ने बताया कि सिन्ध के नृत्य-लाडा गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता में फार्म 18 मार्च को 5 बजे तक मंगलम एजेंसीज एसबीआई बैंक के पास केसरगंज, प्रकाश फोटो स्टेट स्टेशन रोड, द स्मार्ट आउटफिट स्वामी कॉम्पलेक्स, कचहरी रोड, पर प्राप्त कर सकते है।

68 पेट्रोल पंपों को जारी किये नोटिस

भीलवाड़ा(निसं)। उप श्रम आयुक्त द्वारा गुरुवार को 68 पेट्रोल पंप के डीलर्स व कम्पनी को नोटिस जारी किये गये तथा तय समय में उपकर राशि जमा नही करवाये जाने की स्थिति में पेट्रोल पंप के डीलर्स व कम्पनी के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही कर उपकर निर्धारण आदेश जारी किये जायेगे।

उप श्रम आयुक्त षिवदयन सोलंकी ने बताया कि पेट्रोल पम्प मालिक/कम्पनी को निर्माण से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। नोटिस के बाद उपकर (सेस) जमा नही कराने पर पम्प मालिक के विरुद्ध एक पक्षीय उपकर सेस निर्धारण आदेश जारी करेगा। उपकर राशी देय होने की अवधि में जमा नही कराए जाने की स्थिति मे 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से नियोजक पर ब्याज आरोपित किए जाने का प्रावधान है।

NAME CHANGE

I,JETHAVA LALITABAN is real mother of No-15786767M.HAV (DMT) JETHAVA YOGESH MOHAN LAL of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Jamnagar Gujarat 361006.have changed my name from JETHAVA LALITABAN to JETHAVA LALITABEN ,in my son's army service records.aff-CF 345462.date-05 March 2026.Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I,SAPARA JAMNABEN GOVINDBHAI is real Mother of No-15803466F. RHM (TICC) SAPARA PARESH GOVINDBHAI of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Rajkot.Gujarat 360060.have changed my name from SAPARA JAMNABEN GOVINDBHAI to SAPARA JAMANABEN,in my son's army service records.aff-CF 345469.date-05 March 2026.Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I, JETHAVA MOHAN LAL is real Father of No-15786767M. HAV (DMT) JETHAVA YOGESH MOHAN LAL of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Jamnagar Gujarat 361006.have changed my name from JETHAVA M0HAN LAL to JETHAVA MOHANBHAI,in my son's army service records.aff-CF 345467. date-05 March 2026.Before Notary Nasirabad court

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जा रहा है की मैं हुसैन पुत्र श्री अलादीन जी निवासी सिरोला तहसील ब्यावर,जिला ब्यावर मेरे भाई श्री मोहम्मद पुत्र श्री अलादीन जी निवासी सिरोला,ब्यावर की मृत्यु 4 जनवरी 1986 को हो गई थी। जिनका मृत्यु का रजिस्ट्रार संबंधित कोई भी पंजीयन नहीं करवाया गया था। चूँकि अब